आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 10 अंक : 47 लखनऊ, शनिवार 21 मार्च से 27 मार्च, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## निर्भया के दोषियों को फांसी!

नई दिल्ली। आखिरकार सात साल की लंबी लड़ाई के बाद निर्भया को न्याय मिल गया। निर्भया के चारों दोषियों को शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे फांसी पर लटका दिया गया। गौरतलब है



कि १६ दिसंबर २०१२ को छह लोगों ने निर्भया के साथ सामूहिक बलात्कार किया था और उसे बुरी तरह से घायल करके छोड़ दिया था। कुछ दिन के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। पूरे देश की सामूहिक चेतना को झकझोर देने वाली इस घटना चार दोषियों– मुकेश सिंह, पवन गुप्ता, विनय शर्मा और अक्षय कुमार सिंह को शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे फांसी के फंदे पर लटकाया गया। तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल ने कहा– डॉक्टरों ने शवों की जांच की और चारों को मृत घोषित कर दिया। बाद में इन चारों का शव दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और फिर उनके परिजनों को सौंप दिया गया। जेल अधिकारियों ने बताया कि चारों दोषियों के शव करीब आधे घंटे तक फंदे पर झूलते रहे जो जेल नियमावली के अनुसार फांसी के बाद की अनिवार्य प्रक्रिया है। तिहाड़ जेल में पहली बार चार दोषियों को एक साथ फांसी दी गई। इससे पहले चारों दोषियों ने फांसी से बचने के लिए अपने सभी कानूनी विकल्पों का पूरा इस्तेमाल किया और गुरुवार की रात तक इस मामले की सुनवाई चली। सामूहिक बलात्कार और हत्या के इस मामले के इन दोषियों को फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद तीन बार सजा की तामील के लिए तारीखें तय हुईं लेकिन फांसी टलती गई। आखिरकार शुक्रवार की सुबह चारों दोषियों को फांसी दे दी गई। आखिरी पैंतरा चलते हुए एक दोषी ने दिल्ली उच्च न्यायालय और फांसी से कुछ घंटे पहले सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। फांसी से कुछ घंटों पहले पवन कुमार गुप्ता ने राष्ट्रपति द्वारा दूसरी दया याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अभूतपूर्व रूप से देर रात ढाई बजे सुनवाई शुरू हुई और एक घंटे तक चली। सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने उसकी याचिका खारिज करते हुए फांसी का रास्ता साफ कर दिया। निर्भया की मां आशा देवी ने फांसी के बाद पत्रकारों से कहा– हमें आखिरकार न्याय मिला। हम भारत की बेटियों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। न्याय में देरी हुई लेकिन न्याय मिला। उन्होंने कहा कि दोषियों की फांसी के बाद अब महिलाएं निश्चित तौर पर सुरक्षित महसूस करेंगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश जाग रहा था और न्याय का इंतजार कर रहा था।

## डब्ल्यूएचओ ने मोदी के 'जनता कर्फ़्यू' को सराहा

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारत के प्रतिनिधि ा हेंक बेकेडम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जनता कर्फ़्यू' पहल की सराहना की, जो रविवार को एक दिन के लिए प्रभावी होगा। मोदी के कल शाम को संबोधन के बाद डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी एक बयान में बेकेडम ने कहा, हम प्रधानमंत्री के जनता कर्फ़्यू और सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाने के आह्वान का स्वागत करते हैं। रणनीति का प्रभावी तौर पर क्रियान्वयन से वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। बेकेडम ने कहा, हाथ की स्वच्छता के साथ, खांसने और छींकने के दौरान आस्तीन के इस्तेमाल प्रसार की रोकथाम करता है। इन उपायों के साथ सोशल डिस्टेंसिंग से प्रसार को रोकने में प्रभावी मिलेगी। यहां तक कि सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखने के साथ इस चुनौती से निपटने के लिए एकजुटता के साथ खड़ा होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नोवेल कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल देश के लोगों से रविवार को सुबह ७ बजे से रात ९ बजे तक जनता कर्फ़्यू अपनाने का आग्रह किया। आज तक २० राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों में कुल १९५ लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई है, जिसमें १६३ भारतीय हैं और ३२ विदेशी नागरिक हैं।

## दिल्ली में तीन दिन बाजार बंद रहेंगे

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले तीन दिन तक सारे बाजार बंद रहेंगे। कन्फेडरेशन अफ अल इंडिया ट्रेडर्स, कैट ने दिल्ली के कारोबारी संगठनों के साथ हुई एक बैठक में फैसला किया है कि शनिवार से तीन दिन तक दिल्ली के सभी बाजार बंद रहेंगे। बैठक में कहा गया कि जिस तरह तेजी से कोरोना वायरस फैल रहा है उससे सामुदायिक संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इसलिए फैसला किया गया कि दिल्ली के सभी बाजार २१, २२ और २३ मार्च को पूरी तरह बंद रहेंगे और कोई कारोबार नहीं होगा। हालांकि इन तीन दिनों के दौरान इमरजेंसी सेवाओं के तहत, दवा की दुकान, दूध की आपूर्ति और सब्जियों की दुकान खुली रहेगी। इन तीनों पर यह नियम लागू नहीं होगा। २३ मार्च को दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के नेता सारी स्थिति की समीक्षा करेंगे और आगे का फैसला करेंगे।

## सिंगर कनिका कपूर को कोरोना वायरस का संक्रमण

लखनऊ। हिंदी फिल्मों में कई लोकप्रिय गाने गा चुकी सिंगर कनिका कपूर को कोरोना वायरस का संक्रमण हो गया है। लंदन से लौटीं कनिका ने अपनी बीमारी के बारे में किसी को जानकारी नहीं दी थी और इस दौरान उन्होंने कई पार्टियों में हिस्सा लिया। उनकी वजह से से राजनीतिक हस्तियों के भी संक्रमित होने का खतरा पैदा हो गया है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को सामने आए कोरोना के चार नए मामलों में उनका केस भी शामिल है। उनको लखनऊ के केजीएमयू के आइसोलेशन वर्ड में भर्ती किया गया है। कनिका कपूर नौ मार्च को लंदन से लौटी थीं। वे यहां एक अपार्टमेंट में रुकीं और ताज होटल में एक पार्टी में शामिल हुईं। इस पार्टी में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उनके बेटे दुष्यंत सिंह और बहू निहारिका राजे भी मौजूद थे। दुष्यंत भाजपा सांसद हैं। अब स्वास्थ्य विभाग पार्टी में शामिल बाकी लोगों का पता लगा रहा है। सभी की जांच की जाएगी। अगर उनमें कोरोना के लक्षण नजर आए तो उन्हें अलग रखा जाएगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह और पूर्व सांसद जितिन प्रसाद ने भी खुद को आइसोलेट कर लिया। बताया जा रहा है कि कनिका की विदेश से लौटने के बाद उनकी थर्मल टेस्टिंग नहीं हुई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कनिका के अपार्टमेंट पहुंचकर उनका सैंपल लिया। शुक्रवार को उनकी रिपोर्ट पजिटिव आई। कनिका कपूर की इस लापरवाही को लेकर फिल्म जगत की कई हस्तियों ने उनकी आलोचना की है। कनिका लखनऊ के ताज होटल में भी ठहरी थीं। १४ मार्च को वे होटल में पहुंची थीं और १६ मार्च को वहां से निकली थीं। इसी होटल में हुई एक पार्टी में



भी कनिका शामिल हुईं। बताया जा रहा है कि यह पार्टी कांग्रेस के पूर्व सांसद जितिन प्रसाद के ससुर आदेश सेठ ने दी थी। इसमें जितिन प्रसाद, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उनके बेटे भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह, उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह और उनकी पत्नी, लोकायुक्त संजय मिश्रा जैसे कई हाई प्रोफाइल लोग इस पार्टी में मौजूद थे। इसके बाद शालीमार ग्रैंड अपार्टमेंट में हुई एक पार्टी में कनिका शामिल हुईं। इस दौरान उनके संपर्क में कई लोग आए थे। कोरोन वायरस से संक्रमित गायिका कनिका कपूर के साथ पार्टी में मौजूद वसुंधरा राजे और उनके बेटे दुष्यंत सिंह के अपने को अलग थलग करने की जरूरत है। पर इस बीच यह भी खबर है कि लखनऊ में कनिका की पार्टी से लौटने के बाद दुष्यंत ने कई नेताओं से मुलाकात की थी। वे तीन दिन संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने भी गए थे। बताया जा रहा है कि १३ मार्च को लखनऊ के ताज होटल में हुई एक पार्टी में वसुंधरा राजे का पूरा परिवार शामिल हुआ था।भाजपा सांसद दुष्यंत के ट्विटर अकाउंट से पता चलता है कि वे दो दिन पहले राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के ९६ सांसद आए थे। सभी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की थी। इस कार्यक्रम की जारी तस्वीर में दुष्यंत राष्ट्रपति के ठीक पीछे खड़े दिख रहे हैं। यह भी पता चला है कि १५ मार्च के बाद से दुष्यंत कम से कम तीन दिन लोकसभा भी पहुंचे थे और वहां की कार्यवाही में शामिल हुए थे। इनमें से एक दिन वे ढाई घंटे तक तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन के साथ भी रहे। इस खबर के सामने आने के बाद डेरेक ने संसद सत्र फौरन रोकने की मांग की है। साथ ही खुद को अलग–थलग कर लिया है।

# सम्पादकीय

## कोरोना वायरस की चपेट

कोरोना वायरस के संक्रमण की शुरुआत चीन से हुई। उसके बाद यह वायरस अब १३२ देशों तक पहुंच चुका है। दुनिया भर में तकरीबन डेढ़ लाख लोगों को यह अपनी चपेट में ले चुका है। पांच हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। उनमें सबसे ज्यादा मौतें चीन में ही हुईं। अब भारत भी इसकी चपेट में है। यह आशंका तो आरंभ से ही थी कि चीन के बाद कोरोना की मार उसके पड़ोसी देशों पर पड़ेगी। मगर फिलहाल सबसे ज्यादा प्रभावित यूरोप– उसमें भी खासकर इटली दिख रहा है। बहरहाल, ये बात ध्यान खींचती है कि चीन के सबसे करीब स्थित ताइवान पर इसका कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। जब ये संक्रमण शुरू हुआ, तब अनुमान था कि चीन के बाद सबसे ज्यादा मामले ताइवान में देखने को मिलेंगे। लेकिन चीन में जहां ८० हजार से भी ज्यादा मामले सामने आए हैं, ताइवान ने इसे सिर्फ ५० मामलों पर ही रोक लिया। पर्यवेक्षकों का कहना है कि ताइवान ने जिस फुर्ती के साथ वायरस की रोकथाम के लिए कदम उठाए, यह उसी का नतीजा है। और अब इसे दुनिया भर के लिए एक मिसाल माना जा रहा है। संदेश यह है कि अगर समय पर सतर्कता बरती जाए और पक्के इरादे के साथ कदम उठाए जाएं, तो मारक वायरस पर भी काबू पाया जा सकता है। चीन में जैसे ही कोरोना पीड़ितों के मामले बढ़ने लगे, ताइवान ने फौरन चीन, हांगकांग और मकाउ पर ट्रेवल बैन लगा दिया। ताइवान की सरकार ने सर्जिकल मास्क के निर्यात पर भी रोक लगा दी, ताकि देश में इसकी कमी ना हो। ताइवान सरकार ने नेशनल हेल्थ इंश्योरेंश, इमिग्रेशन और कस्टम के डेटा का जायजा लिया। लोगों के यात्रा इतिहास उससे जोड़ कर मेडिकल अधिकारी पता लगा पाए कि किन–किन लोगों को संक्रमण हो सकता है। ताइवान सरकार ने ऐसे ऐप भी तैयार किए, जिनके जरिए लोग देश में प्रवेश करते वक्त क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने लक्षण और अपनी यात्राओं की जानकारी दे सकें। इसके बाद इन लोगों के फोन पर मैसेज भेजे जाने लगे, जिसे वे कस्टम अधिकारियों को दिखाते थे। अधिकारी इस तरह से पहचान कर पाए कि किसे प्रवेश करने देना है और किस पर नजर रखनी है। बेशक ताइवान की आबादी कम है। भारत जैसे देश की तुलना उससे नहीं हो सकती। मगर सतर्कता और एहतियात की जो मिसाल ताइवान ने कायम की, वह सबके लिए काम की बात है।

# यूपी के सभी मॉल बंद, लखनऊ, नोएडा और कानपुर शहर को सैनिटाइज करने का आदेश

लखनऊ। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने और एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सभी धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मांगलिक गतिविधियां व कार्यक्रम दो अप्रैल तक स्थगित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि वैवाहिक कार्यक्रमों में आमंत्रितों की संख्या को १० तक सीमित रखने का प्रयास हो। सरकार ने प्रदेश में सभी मॉल को भी बंद करने का निर्देश दिया है। सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक भीड़भाड़ रोकने के लिए ३१ मार्च तक गैर–जरूरी ओपीडी व जांच को स्थगित रखने का निर्देश भी दिया है। सरकारी अस्पतालों में केवल आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, नोएडा व कानपुर शहर को सैनिटाइज करने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस, समाधान दिवस, मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और जनता दर्शन का आयोजन भी दो अप्रैल तक स्थगित रहेगा। स्कूलों–कॉलेजों को पूरी तरह बंद रखने के साथ शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि दो अप्रैल तक प्रिंसिपल, शिक्षक और गैर–शिक्षक स्टाफ भी विद्यालय नहीं आएंगे। नगर विकास विभाग को शहरी इलाकों में नियमित फगिंग करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्थित हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों सहित राज्य की सीमा पर सघन चेकिंग



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस को पूरे प्रदेश में व्यापक गश्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी स्थल पर लोग इकट्ठा न हों। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया है कि प्रदेश में खाद्यान्न सहित रोजमर्रा के इस्तेमाल की सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी या कालाबाजारी न होने पाए। ऐसा करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खरीददारी के दौरान लाइनें न लगें। कोरोना से बचाव के लिए दस्तानों और मास्क का इस्तेमाल किया जाए ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए पूरी सावधानी बरतना आवश्यक है। केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रबंधों के क्रियान्वयन में जनसहयोग की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने सभी धर्माचार्यों व धर्मगुरुओं से कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिए समाज में जागरुकता फैलाने की अपील की है। इस दिशा में विभिन्न धर्मगुरुओं की पहल का उन्होंने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र के संस्थानों व नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को यथासंभव घर से कार्य करने की अनुमति देने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। इस व्यवस्था को सरकारी विभागों व संस्थानों में भी आवश्यकतानुसार लागू कराने के लिए कहा है।

# अद्भुत जंगल : होया बस्यू का जंगल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

जंगलों का नाम जुबान पर आते ही दिमाग में अलग –अलग तरह की ओंति उभरने लगती है. अन्धोरा, काली छाया और जीव– जंतुओं की चीखने –चिल्लाने की आवाजें कान के अंदर अपने आप ही सुनाई देने लगती है. हालाँकि ऐसा नहीं है कि ये सब केवल किंवदंती है. बल्कि दुनिया में कुछ ऐसे जंगल आज भी मौजूद है. जिसके अंदर जाने पर ये तमाम चीजें महसूस की जा सकती है. उनमें से एक होया बस्यू जंगल भी है. जिसको लेकर तमाम तरह की कहानियां प्रसिद्ध हैं और लोग एक दूसरे को सुनाते हैं. बारमूडा ट्राईएंगल का नाम से हर कोई वाकिफ है . इसके बारे में कहा कोई भी हवाई जहाज या समुद्री जहाज जब यहाँ से गुजरता जाता है, तो वह यहाँ से गायब हो जाता है. यह जहाज या हवाई जहाज कहाँ चले जाते है इसका कोई स्पष्ट जवाब अज तक किसी के पास नहीं है. होया बस्यू जंगल में घटने वाली रहस्यमयी घटनाओं के कारण ही इस जगह को रोमानिया या ट्रांसल्वेनिया का बरमूडा ट्राएंगल कहते हैं. होया बस्यू को दुनिया के सबसे डरावने जंगलों में से एक माना जाता है और यह ट्रांसल्वानिया में हैं. इस जंगल की कई कहानियां प्रसिद्ध






हैं और लोग एक दूसरे को सुनाते हैं. इस जंगल के पेड़ मुड़े हुए हैं और उनका आकार विचित्र है. जो इतने डरावने नजर आते हैं कि पास में जाते ही उन्हें देखने से ही लोग भय खाते हैं और यहां पर लोगों को अजीब सी अवाजें भी सुनाई देती है जिसके बाद से लोग जंगल में पांव तक नहीं रखते. आसपास के लोगों का कहना हैं की शाम होते ही जंगल से अजीब अजीब सी आवाजें और रोने की आवाज आने लगती हैं. जो सुनने मैं बहुत डरावनी होती हैं. लोगों का कहना हैं कि १८६८ में इस जंगल में एक उड़नतस्तरी उतरी थी जिसे लोगों ने देखा था उनका कहना हैं की इस जंगल में एलियन का निवास हैं. इसीलिए जो भी इस जंगल में जाता हैं वापस नहीं आता हैं. इमरान हाशमी अपनी हरर फिल्म श्राज ४श की कुछ शूटिंग विश्व के सबसे भूतिया जंगल में करना चाहते थे मगर वहां की सरकार ने उन्हें शूटिंग की अनुमति नहीं दी जिस से फिल्म सीन की शूटिंग इसी जंगल में हुई. यह कुख्यात जंगल क्लुज काउंटी में स्थित है, जो क्लुज – नेपोका शहर के पश्चिम में है. यह लगभग ७०० एकड़ में फैला हुआ है और माना जाता है कि यहां सैकड़ों लोग लापता हो गए हैं. होया बस्यू जंगल को लेकर पहली बार लोगों की दिलचस्पी तब जगी थी, जब इस क्षेत्र में एक चरवाहा लापता हो गया था. सदियों पुरानी किवदंती के अनुसार, वह आदमी जंगल में जाते ही रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया था. हैरानी की बात तो ये थी कि उस समय उसके साथ २०० भेड़ें भी थीं. कुछ साल पहले एक सैन्य तकनीशियन ने इस जंगल में एक उड़नतस्तरी को देखने का दावा किया था. इसके अलावा साल १९६८ में भी एमिल बरनिया नाम के एक शख्स ने यहां आसमान में एक अलौकिक शरीर को देखने का दावा किया था. यहां घूमने आने वाले कुछ पर्यटकों ने भी कुछ इसी तरह की घटनाओं का जिक्र किया है. किवंदती के अनुसार, साल १८७० में यहां पास के ही गांव में रहने वाले एक किसान की बेटी गलती से इस जंगल में घुस गई और उसके बाद गायब हो गई. लोगों को हैरानी तो तब हुई, जब वह लड़की ठीक पांच साल बाद जंगल से वापस आ गई, लेकिन वह अपनी याददाश्त पूरी तरह से खो चुकी थी. हालांकि कुछ समय के बाद ही उसकी मौत भी हो गई. कहते हैं कि कुछ लोग यहां घूमने के उद्देश्य से आये थे, लेकिन वह कुछ देर के लिए गायब हो गए और फिर बाद में फिर से आ गये. लोगों का कहना है कि इस जंगल में रहस्यमयी शक्तियों का वास है।

## सीएम योगी के सख्त आदेश, अब बंद होगी सड़क के किनारे बकरे और मुर्गे काटने वाली दुकानें

**राकेश पाण्डेय ''निश्छल''/ अखिलेश दुबे**

लखनऊ। सीएम योगी के सख्त आदेश, बंद होंगी बकरे और मुर्गे काटने वाली दुकानें, व्यापारियों को बड़ा झटका सीएम योगी के सख्त आदेश, बंद होंगी बकरे और मुर्गे काटने वाली दुकानें, व्यापारियों को बड़ा झटका लखनऊ. अब सड़क के किनारे बकरे और मुर्गे काटने वाली दुकानें बंद होंगी। यह आदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि दुकान खोलकर मुर्गे और बकरे काटे जा रहे हैं। इससे प्रदेश में संक्रमण फैल रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। इस तरह की दुकानों पर प्रतिबंध लगाया जाए। अगर ऐसा पाया गया तो संबंधित जिले के डीएम और एसपी के खिलाफ कार्रवाई होगी। यह जानकारी सीएम योगी के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने दी। सीएम योगी का कहना है कि प्रदेश में अवैध बूचड़खाने (स्लटर हाउस) पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद कई जिलों में बूचड़खाने चलने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अवैध बूचड़खाने का मतलब बड़े स्लाटर हाउस ही नहीं, बल्कि बाजारों में सड़क किनारे खुलेआम कट रहे मुर्गा और बकरे की दुकानों से भी है। उनका कहना था कि इस पर भी प्रतिबंध लगाया जाए। इससे संक्रमण फैलता है, जो लोगों को बीमार कर रहा है। अगर सड़क किनारे खुलेआम मुर्गा और बकरा कटने की दुकानें दिखी तो संबंधित जिले के डीएम और एसपी की सामूहिक जिम्मेदारी तय होगी और इस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## बीजेपी नेता दयाशंकर सिंह के भाई पर एफआइआर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एचके अवस्थी के बेटे के साथ दयाशंकर सिंह के भाई ने की मारपीट की थी। हुसैनगंज में बने फ्लैट में मालिकाना हक को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट फ्लैट के मालिक सुहर्ष अवस्थी ने लिखाई दयाशंकर सिंह के भाई पर एफआईआर...फ्लैट के मालिकाना हक के बाद बिजली कनेक्शन को लेकर हुआ था विवाद. ...सुहर्ष अवस्थी पर भी फ्लैट मालकिन शालू सिंह की तरफ से दर्ज हुई थी क्रॉस एफआइआर। गुर्गों के साथ पहुंचे दयाशंकर के भाई राहुल ने की सुहर्ष अवस्थी के साथ मारपीट गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती....हुसैनगंज थाना क्षेत्र के आकांक्षा फ्लैट्स का मामला.।

## घंटाघर पर महिलाओं के प्रदर्शन पर पुलिस ने बोला हमला

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। घंटाघर पर महिलाओं के प्रदर्शन पर पुलिस ने बोला



हमला, मंच पर की तोड़ फोड़,महिलाओं के साथ किया अभद्रता , टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान महिलाओं पर पुलिस की बर्बरता की खबर सुनते ही घंटाघर पहुंचे , टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना सय्यद शाह फजले मन्नान रहमानी महिलाओं के समर्थन मे घंटाघर पहुंचे। मौलाना फजले मन्नान ने महिलाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की जमकर निंदा की, उन्होंने कहा पुलिस द्वारा किए गए जुल्म का जवाब हम कानूनी तौर से देंगे , मौलाना फजले मन्नान ने बताया पुलिस ने महिलाओं से अभद्रता करने के साथ कुरान की बेहुरमती भी की और जनमाज( नमाज पढ़ने का कपड़ा) पैरो तलो रौदा जो नाकाबिले बर्दाश्त है, मौलाना मन्नान ने कहा महिलाएं कोरोना के मद्देनजर एहतियात बरतते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है फिर भी पुलिस महिलाओं को परेशान कर रही है, मौलाना मन्नान ने कहा कोरोना वायरस को देखते हुए पूरे इंतिजाम के साथ महिलाएं शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है , फिर भी पुलिस घंटाघर धरने को खत्म कराने पर आमादा है, प्रदर्शनकारियों पर पुलिसिया दमन जारी।

## कोरोना संकट के चलते दो दिन के लिए लखनऊ के सभी बाजार बंद

### चौक का चिकन व सर्राफा बाजार सहित सभी मार्केट दो दिन के लिए बंद

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। कोरोना संक्रमण को थामने के लिए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ अब लॉक डाउन (पूर्ण प्रतिबंध) की ओर बढ़ रही है। प्रशासन ने अपने कई निर्देशों में लगभग सभी दुकानों, प्रतिष्ठानों को ३१ मार्च या अगले आदेश तक बंद रखने का आदेश दिया है। फिलहाल अभी अधिकतर बाजार दो दिन के लिए बंद किए जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को शहर के सभी बाजार बंद रहेंगे। ताकि संक्रमण के प्रसार को कम किया जा सके। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए चौक सर्राफा एवं चिकन बाजार भी बंद हो गया है। लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन की तरफ से शुक्रवार को इस संबंध में एक पत्र जारी कर २१ व २२ मार्च को सर्राफा और चिकन दुकानें बंद रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार शाम से लखनऊ में लगभग सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया गया है। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जरूरी सेवाओं के अतिरिक्त सब कुछ लॉक डाउन करने का निर्देश दिया गया है। हजरतगंज जैसे पॉश इलाके में आज शाम सन्नाटा हो गया। देर रात खुली रहने वाली दुकानों और प्रतिष्ठानों में शाम से ही ताले लटकने लगे। पुलिस ने संक्रमण रोकने के लिए सभी दुकानें बंद करवाई दी हैं। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने आज एक निर्देश जारी करते हुए शहर के सभी ब्यूटी पार्लर, सैलून बार आदि को भी बंद करने को कहा है।

## शिया-सुन्नी ने एक साथ अदा की टीले मस्जिद मे जुमा की नमाज

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। जहाँ एक तरफ धर्मगुरुओ की तरफ से बड़ी मस्जिदों मे जुमे की नमाज ना पढ़ने की अपील की गयी थी तो वहीं उस अपील की फजीहत उड़ाते हुए शिया-सुन्नी ने एक साथ मिलकर मौलाना फजले लोगो को फटकार लगाते हुए कहा जो लोग नमाजे जुमा को लेकर बड़ी-छोटी मस्जिद की राजनीत कर रहे है उनको बाज आना चाइये। मौलाना मन्नान ने जुमा की विशेषता बताते हुए बताया की इस्लाम मे जुमा की एक खासियत है जो सिर्फ मस्जिद मे को बताया जहाँ एक ओर जामा मस्जिद मे नमाज ना पढ़ने की अपील की जा रही है तो वही मौलाना फजले मन्नान एक अकेले वाहिद शख्स है जिन्होंने शिया-सुन्नी समेत सैकड़ो नमाजियों की इमामत की और मुल्क की सलामती के लिए दुआ



मन्नान रहमानी की इमामत मे ऐतिहासिक टीले वाली मस्जिद मे जुमे की नमाज अदा की। मौलाना फजले मन्नान और मेराज हैदर ने सयुंक्त प्रेसवार्ता मे नमाज से बाद कहा कल गुरुवार को घंटाघर मे पुलिस जिस बर्बरता से महिलाओं पर जुल्म किया है वो निंदनीय है, उन्होंने बताया पुलिस ने किस तरह पवित्र कुरान की बेहुरमती की है और नमाज पढ़ने के कपड़े को जूतों से रौदा है जो ना काबिले बर्दाश्त है जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है। मौलाना फजले मन्नान ने अपनी तकरीर मे कुछ ही जुमा पढ़ी जा सकती है।जो घर मे पढ़े वो जुमा हो ही नहीं सकता मौलाना फजले मन्नान ने कोरोना वायरस को लेकर नमाजियों से अपील की वो साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, मास-सेनिटाइजर का प्रयोग करें और डॉक्टर्स की सलाह लेते रहे। शिया समाज की तरफ से मेराज हैदर सहित काफी संख्या मे लोगो ने टीले वाली मस्जिद पहुंच कर मौलाना फजले मन्नान की इमामत मे जुमा की नमाज अदा की और कोरोना वायरस से मुक्ति व देश मे अमनो अमान के लिए विशेष दुआ की। मेराज हैदर ने मीडिया की जो काबिले तारीफ काम है और हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होने कोरोना वायरस को लेकर कहा देश मे फैले इस वायरस का इलाज डॉक्टर्स और वज्ञानिक निकाल लेगे पर देश मे फैले नफरत के वायरस को कैसे रोका जाएगा, इस पर भी गौर फिक्र होना चाइये अंत मे मौलाना फजले मन्नान और मेराज हैदर ने कोरोना वायरस को लेकर लोगो से अपील की है इस वायरस से डरने की नहीं बल्के सतर्क रहने की जरूरत है, साफ-सफाई का विशेष ध्यान दे और मास-सेनेटाइजर का जरूर उपयोग करें।

## डीएम के आदेश के खिलाफ बंद कराई जा रही है दुकानें

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। डीएम के आदेश के खिलाफ बंद कराई जा रही है दुकानें, मेडिकल स्टोर ,जरूरी वस्तु की दुकानें भी कराई जा रही है बंद, एसीएम ५ अनिल कुमार,नगर निगम जोन-३ के जोनल अधिकारी कर रहे है कार्यवाही, राशन सब्जी दूध व कई मेडिकल स्टोर भी कर दिया गया बन्द, डीएम ने जरूरी वस्तु मेडिकल स्टोर बंद किये जाने के नही दिए है आदेश, मेडिकल व जरूरी वस्तु की दुकानें छोड़ सभी दुकानें बंद किये जाने का जारी है आदेश, २३ मार्च तक डीएम ने जरूरी वस्तु की दुकानें छोड़ सब दुकानें बंद किए जाने का दिया है निर्देश, लोगो मे प्रशासन की इस कार्यवाही से बना अफरा तफरी का बना माहौल।

# प्रधानमंत्री ने न्याय की जीत बताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्याकांड के दोषियों को फांसी पर लटकाए जाने को न्याय की जीत करार दिया। उनके अलावा और कई मंत्रियों और महिला अधिकार समूहों ने भी इसका स्वागत किया। शुक्रवार की सुबह चार दोषियों को फांसी दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विट किया– न्याय की जीत हुई है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सबसे महत्वपूर्ण है। मोदी ने आगे कहा– हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ी है और हमें ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है, जहां ध्यान महिला सशक्तिकरण, समानता और अवसर प्रदान करने पर हो। केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के चारों दोषियों को फांसी दिए जाने पर कहा कि इससे अपराधियों को सख्त संदेश जाएगा कि वे कानून से भाग नहीं सकते। उन्होंने कहा– मैंने इतने साल में निर्भया की मां का संघर्ष देखा है। हालांकि न्याय पाने में समय



लगा लेकिन आखिरकार न्याय हुआ। यह लोगों को भी संदेश है कि वे आप कानून से भाग सकते हैं लेकिन आप हमेशा के लिए इससे बच नहीं सकते। इस घटना के समय दिल्ली पुलिस के प्रमुख रहे नीरज कुमार ने इस मामले को अपने ३७ साल के करियर का सबसे अहम मामला करार दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा– आज का दिन यह संकल्प लेने का दिन है कि हम अब और कोई निर्भया कांड नहीं होने देंगे। केजरीवाल ने शुक्रवार को ट्विट किया– सात साल बाद आज निर्भया के दोषियों को फांसी हुई। आज संकल्प लेने का दिन है कि अब दूसरा निर्भया मामला नहीं होने देंगे। पुलिस, अदालत, राज्य सरकार, केंद्र सरकार सबको संकल्प लेना है कि हम सब मिल कर सिस्टम की खामियों को दूर करेंगे और भविष्य में किसी बेटी के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने निर्भया मामले के दोषियों को फांसी दिए जाने पर संतोष जताते हुए कहा कि यह आत्मावलोकन का समय है कि क्या फांसी की सजा पाने वाले दोषियों को मामले को खींचने के लिए इस तरह प्रणाली को तोड़ने–मरोड़ने की अनुमति दी जा सकती है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ट्विट किया– उम्मीद है कि न्याय मिलने के बाद निर्भया की आत्मा को आखिरकार शांति मिली होगी।

# संसद के दोनों सदनों की बैठक सोमवार से

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों की बैठक सोमवार को पूर्वाह्न ११ बजे के बजाय दोपहर दो बजे शुरू होगी और लोकसभा में प्रश्नकाल नहीं चलेगा। कोरोना वायरस के कारण विमान सेवाओं के समय बदलने और ट्रेनें रद्द होने के कारण अनेक सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से सोमवार को बैठक का समय बदलने का अनुरोध किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सभी दलों के नेताओं से इस विषय पर चर्चा हुई और कई सदस्यों ने व्यक्तिगत आग्रह किया कि उड़ानों में बदलाव के कारण वे देरी से यहां पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस लिहाज से सोमवार को सदन की बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी और उस दिन प्रश्नकाल नहीं चलेगा। बिरला ने स्पष्ट किया कि यह घोषणा केवल २३ मार्च के लिए है और इससे आगे के सोमवार के लिए अभी फैसला नहीं किया गया है। उधर, राज्यसभा में इसकी घोषणा सभापति एम वेंकैया नायडू ने की। उन्होंने सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर कहा कि उड़ानों के प्रभावित होने के कारण सोमवार



को संसद की कार्यवाही दोपहर दो बजे से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि बैठक कामकाज समाप्त होने तक चलेगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सिर्फ सोमवार के लिए ही होगी। सप्ताह के अंत में कई संसद सदस्य अपने क्षेत्रों में जाते हैं और सोमवार को लौटते हैं। मौजूदा परिस्थितियों में उड़ानों के प्रभावित होने के कारण उन्हें लौटने में देरी हो रही है।

# राहुल ने मोदी पर किया तंज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस को रोकने के अभियान में लगे लोगों के प्रति आभार जताने के लिए रविवार की शाम को पांच बजे अपने अपने घरों से ताली और थाली बजाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तंज किया है। राहुल गांधी ने कहा कि जनता कर्फ्यू से छोटे, मझोले कारोबारी और दिहाड़ी मजदूरों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इन्हें ताली बजाने से कोई मदद नहीं मिलेगी। राहुल गांधी ने कहा है कि कोरोना वायरस से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बुरे असर से निपटने के लिए नकद मदद, टैक्स ब्रेक और कर्ज अदायगी पर रोक लगाने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। गौरतलब है कि देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रधानमंत्री ने गुरुवार को देश को संबोधित किया था। उन्होंने रविवार यानी २२ मार्च को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक जनता कर्फ्यू लगाने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि इस १४ घंटे के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने घर से बाहर न निकले। शाम पांच बजे अपने–अपने घरों में से ही ताली बजा कर, थाली बजाकर, घंटी बजाकर एक दूसरे का आभार जताएं और इस वायरस से लड़ने के लिए एकजुटता दिखाएं। मोदी ने देशवासियों से एक–दूसरे का साथ देने की अपील भी की थी।

# दुनिया में 10 हजार से ज्यादा मौत

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर चीन में थम गया है पर दुनिया के बाकी हिस्सों में इसका संक्रमण बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार की शाम तक इस वायरस के संक्रमण से १० हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार तक कोरोना का कहर १८२ देशों में पहुंच गया और ढाई लाख से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आ गए।शुक्रवार शाम तक के आंकड़ों के मुताबिक कुल १८२ देशों में दो लाख ५५ हजार २६४ लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। इस वायरस के संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा १०,४५६ तक पहुंच गया है। शुक्रवार की शाम तक करीब ६० हजार लोगों को इस संक्रमण से ठीक किया जा चुका है। अब भी एक लाख ५५ हजार के करीब सक्रिय मामले हैं, जिनमें से साढ़े सात हजार मामले गंभीर बताए जा रहे हैं। अब तक कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा मौत चीन में हुई थी पर अब यह आंकड़ा इटली में ज्यादा हो गया है। चीन में ३२४६ लोगों की मौत हुई है, जबकि इटली में यह आंकड़ा ३४०५ पहुंच गया है। ईरान में १४३३ और स्पेन में १००२ लोगों की मौत हुई है। अमेरिका में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या २१८ हो गई है। फ्रांस में इस वायरस से ३७२ लोगों की मौत हुई है।भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या ४६७ पहुंच गई है। वहां डक्टरों और दवाइयों की कमी के कारण हालात भयावह हैं। देश को कोरोनो वायरस से लड़ने के लिए विश्व बैंक २३.८ करोड डलर और एडीबी ३५ करोड़ डलर की मदद देगा। इस बीच चीन अब हालात काबू होने लगे हैं, लेकिन यूरोपीय देश इटली में स्थिति भयावह हैं। शुक्रवार सुबह तक चीन में मौतों का आंकड़ा ३,२४५ था, जबकि, इटली में इसी दौरान ३,४०५ संक्रमितों ने दम तोड़ा। इस बीच अमेरिका में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार शाम सभी ५० राज्यों के गवर्नरों से बातचीत की। सीएनएन के मुताबिक, कई गवर्नर ने ये शिकायत थी कि उनके पास पर्याप्त मेडिकल किट और दूसरी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। ट्रंप ने एक नई मेडिकल यूनिट भी बनाई है। इसमें देश के तमाम आला मेडिकल एक्सपर्ट्स शामिल किए गए हैं। बहरहाल, फ्रांस के करीब एक लाख ३० हजार नागरिक दूसरे देशों में फंसे हुए हैं। सरकार मदद करना चाहती है लेकिन, ज्यादातर देशों ने यात्रा प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसलिए ये लोग देश नहीं लौट पा रहे। एशियाई देशों में सबसे खराब स्थिति ईरान की है। वहां के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता कियानोश जहानपुर ने गुरुवार रात एक ट्विट करके सनसनी फैला दी। उन्होंने कहा– यहां हर १० मिनट में एक संक्रमित की मौत हो रही है। हर ५० मिनट में एक नया केस दर्ज हो रहा है। ईरान में मरने वालों का आंकड़ा १४३३ पहुंच गया है।

# कोरोना संक्रमितों की संख्या २४२

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का संक्रमण थम नहीं रहा है। हर दिन इस वायरस से संक्रमित होने वालों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। शुक्रवार को राजस्थान में संक्रमण के आठ मामले सामने आए। केरल में पांच ब्रिटिश नागरिकों सहित कुल १७ लोगों में संक्रमण का मामला सामने आया। इसके साथ ही देश में कोरोना वायरस से संक्रमण के २३० मामलों की पुष्टि हो गई है। वायरस के फैलते संक्रमण को देखते हुए ऐहतियात के तौर पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सभी शपिंग मल्स बंद कर दिए गए हैं। वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र के चार शहरों मुंबई, पुणे, नागपुर और पिंपरी चिंचवाड़ को लकडाउन कर दिया गया है। हालांकि, शहर में जरूरी सामान मिलता रहेगा। देश में इस संक्रमण के कारण पहली बार लकडाउन किया गया है। वहां पहली से आठवीं तक की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। सभी को जनरल प्रमोशन दिया जाएगा। महाराष्ट्र में सरकारी कार्यालयों में भी २५ फीसदी कर्मचारियों के सहारे ही कामकाज किया जाएगा। इस बीच बताया गया है कि रविवार को जनता कर्फ्यू के दौरान दिल्ली मेट्रो और हरियाणा में बस सेवा बंद रहेगी। संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने भी २३ मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाले मुख्य परीक्षा २०१६ के उम्मीदवारों का इंटरव्यू अगले आदेश तक टाल दिया है। बहरहाल, गुजरात में शुक्रवार को संक्रमण के दो मामले सामने आए। वहां कुल मामले सात हो गए हैं। वहीं, तेलंगाना के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि हैदराबाद में लंदन से लौटे युवक में कोरोना वायरस से संक्रमण का मामला सामने आया है। राज्य में अब १७ मामले हो गए हैं। कोरोना वायरस के चलते हरियाणा में धारा १४४ लगा दी गई है। इस बीच तुर्की से लौटे हरियाणा के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने खुद को अलग–थलग कर लिया है। टोक्यो ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाई कर चुके जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा कोरोना वायरस की वजह से भारत लौट आए हैं। बहरहाल, राजस्थान में कोरोना वायरस से संक्रमित रहे ६६ साल के इटली के नागरिक एंड्री कार्ली की शुक्रवार को मौत हो गई। एंड्री सबसे पहले विदेशी थे, जो देश में कोरोना संक्रमित पाए गए। इसके बाद उनकी पत्नी और बाकी साथियों की रिपोर्ट भी पजिटिव आई थी। केंद्र सरकार ने व्हाट्सऐप पर हेल्पडेस्क शुरू की है। यह २४ घंटे काम करेगी। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा– देश में संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले ६७ सौ से ज्यादा लोग निगरानी में हैं। अब तक कोरोना वायरस से देश में चार लोगों की मौत हुई है। वे सभी ६४ साल से ज्यादा उम्र के थे। उन्होंने कहा– मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हमारे टोल फ्री नंबर १०७५ का इस्तेमाल करें। इसके माध्यम से सही जानकारी लें और गलत अफवाहों से बचें।

## राज्यसभा में फिर उठा कोरोना मुद्दा

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दु शेखर राय ने कोरोना वायरस के प्रकोप से बचने के लिए एहतियात के तौर पर राज्यसभा की बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर छुट्टी ले ली है। सभापति एम वेंकैया नायडु ने शुक्रवार को सदन की बैठक शुरु होने तथा आवश्यक दस्तावेज सदन पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि राय ने करोना वायरस के बचने के लिए अपने को अलग–थलग कर लिया है और वह गुरुवार से छुट्टी पर चले जाने की सूचना दी है। उन्होंने कहा कि राय इस सत्र की शेष अवधि तक अनुपस्थित रहेंगे जिसकी उन्होंने मंजूरी दे दी है। कांग्रेस के आनंद शर्मा ने शून्यकाल के दौरान कहा कि कोरोना वायरस के महामारी होने के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने कल एक अधिसूचना जारी की है। उन्होंने पूछा कि क्या संसद भवन परिसर उससे अलग है। संसद की बैठक जारी रखने को लेकर सरकार कौन सा उदाहरण पेश कर रही है। इस पर नायडु ने कहा कि ईश्वर कीं'पा से मुझे और



आपको कुछ नहीं होगा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की झरना दास ने कहा कि कोराना वायरस के प्रकोप के कारण बायोमेट्रिक प्रणाली को स्थगित कर देना चाहिये। केन्द्र सरकार ने बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज कराने को रोका है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भी यह व्यवस्था रोकी गयी है।

# सियासी ड्रामे का पटाक्षेप कमलनाथ ने इस्तीफा दिया

भोपाल। मध्य प्रदेश में चल रहे सियासी ड्रामे का पटाक्षेप हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक शुक्रवार की शाम को साढ़े पांच तक सदन के पटल पर बहुमत परीक्षण कराने की बजाय मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दोपहर में ही इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने बाद में राज्यपाल लालजी टंडन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा उन्हें सौंप दिया। राज्यपाल ने उनको नई सरकार बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने को कहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नया नेता चुना जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेता चुने जाने की संभावना है। इससे पहले मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार दोपहर साढ़े १२ बजे मीडिया के सामने आए। वे करीब आधे घंटे तक बोले और इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपनी १५ महीने पुरानी सरकार की २० उपलब्धियां गिनाईं और कई बार कहा कि भाजपा को उनका काम रास नहीं आया। उन्होंने कहा– भाजपा सोचती है कि वह मेरे प्रदेश को हरा कर जीत सकती है। वह न मेरे प्रदेश को हरा सकती है और न मेरे हौसले को हरा सकती है। कमलनाथ ने कहा– मेरे ४० साल



के राजनीतिक जीवन में मैंने हमेशा विकास में विश्वास रखा है। भाजपा को १५ साल मिले। मुझे १५ महीने मिले। ढाई महीने लोकसभा चुनाव और आचार संहिता में गए। प्रदेश का हर नागरिक गवाह है कि भाजपा को प्रदेश हित में किए गए मेरे काम रास नहीं आए। बौखलाहट में वे मेरे खिलाफ साजिश करते रहे। उन्होंने कहा– आप सब जानते हैं कि महीने भर में जब हमारी सरकार बनी थी तो हर १५ दिन में भाजपा नेता कहते थे कि ये सरकार पंद्रह दिन–महीने भर की सरकार है। उन्होंने कहा– आज हमारे २२ विधायकों को प्रलोभन देकर बंधक बनाने का काम किया है। करोड़ों रुपए खर्च कर प्रलोभन का खेल खेला गया। आज पूरा प्रदेश इसका गवाह है। एक महाराज और उनके द्वारा प्रोत्साहित २२ लोभियों के साथ मिल कर भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। कमलनाथ ने कहा– प्रदेश की जनता के साथ धोखा करने वाले इन लोभियों और बागियों को जनता कभी माफ नहीं करेगीकमलनाथ ने कहा– हमारे पास पद हो या नहीं हो, प्रदेश के हमारे नौजवान, पिछड़ा वर्ग और किसानों के हित के काम में हम लगे रहेंगे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा– नौ मार्च को १६ विधायकों को लेकर ले गए थे। किसने पैसा दिया, किसने दबाव डाला, ये समय के साथ सामने आ जाएगा। आज के बाद कल आता है, कल के बाद परसों भी आता है। परसों आएगा। जनता तय करेगी। मैंने यह तय किया है कि मैं राज्यपाल को अपना इस्तीफा देने जा रहा हूं।

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

मो० अरशद

मऊ। थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा आज दिनांक २०.०३.२० को देखभाल क्षेत्र के दौरान आलम नट पुत्र वसीर नट निवासी हरनाथपुर थाना मुहम्मदाबाद के कब्जे से १० लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु०अ०सं० १२७६२० धारा ६० आबकारी अधि० का अभियोग पंजीं त कर चालान न्यायालय किया गया।

# मप्र के भावी मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा में मंथन

भोपाल। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर मध्यप्रदेश विधानसभा में फ्लोर टेस्ट होने से पहले ही मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कमलनाथ के इस्तीफा देने के बाद भाजपा में नई सरकार बनाने की सुगबुगाहट तेज हो गई है और अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर पार्टी हाईकमान मंथन कर रहा है। मध्य प्रदेश में बीते एक पखवाड़े से कमलनाथ की सरकार पर संकट के बादल मंडरा हुए थे और २२ विधायकों के इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति द्वारा मंजूर किए जाने के बाद से यह संकट और बढ़ गया था, जिससे सरकार का जाना लगभग तय था। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संख्या बल अपने पक्ष में न होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया और राजभवन पहुंचकर राज्यपाल लालजी टंडन को इस्तीफा भी सौंप दिया। कमलनाथ सरकार के इस्तीफा देने के बाद पूरी तरह गेंद भाजपा के पाले में है, क्योंकि उसके पास १०६ विधायकों का समर्थन हासिल है और यह समर्थन सरकार बनाने के लिए पर्याप्त है। राज्य विधानसभा में २५ स्थान रिक्त हैं और इन स्थितियों में बहुमत के लिए १०३ विधायकों की जरूरत है। बहुमत के आंकड़े से ज्यादा भाजपा के पास विधायक हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधायक दल का नेता कौन होगा, इसे पार्टी हाईकमान तय करेगी और यही कारण है कि दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठकें शुरू हो गई हैं। पार्टी में सबसे ज्यादा संभावना पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को फिर नेता बनाए जाने की है, फिर भी पार्टी में कई ऐसे नेता हैं जो चौहान के स्थान पर नए चेहरे पर दांव लगाने की बात कर रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण आगामी समय में होने वाले २५ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव हैं। सूत्रों का कहना है कि पार्टी शिवराज सिंह चौहान पर सिर्फ इसलिए बचने की कोशिश करेगी, क्योंकि कमलनाथ सरकार ने सबसे ज्यादा आरोप चौहान पर ही लगाए थे। पार्टी सूत्रों का मानना है कि भाजपा नए चेहरे के तौर पर पिछड़े वर्ग के विधायक का पता लगाएगी। नया चेहरा भाजपा की ओर से कौन होगा, यही बड़ा सवाल बना हुआ है। पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि इस सरकार के पास बहुमत नहीं था और उसे जाना ही था, वहीं भाजपा का नेता कौन होगा इसे पार्टी तय करेगी।

# पांच–छह लोगों की लॉबी न्यायपालिका के लिए खतरा

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य के तौर पर मनोनयन स्वीकार करने के बाद से आलोचनाओं का सामना कर रहे पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने कहा है कि पांच–छह लोगों की एक लौंबी के शिकंजे की वजह से न्यायपालिका खतरे में है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गोगोई ने कहा कि यह लॉबी उन न्यायाधीशों को बदनाम करने का प्रयास करती है जो उसकी इच्छा के अनुरूप फैसला नहीं सुनाते। उन्होंने कहा, न्यायपालिका की आजादी का मतलब इस पर ५–६ लोगों का शिकंजा खत्म करना है। जब तक यह शिकंजा खत्म नहीं किया जायेगा, न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं हो सकती। उन्होंने न्यायाधीशों को एक तरह से बंधक बना लिया है। अगर किसी मामले में उनकी मर्जी क फैसला नहीं होता तो वे न्यायाधीशों को हर मुमकिन तरीके से बदनाम करते हैं। मैं उन न्यायाधीशों के लिए चिंतित हूं जो यथास्थितिवादी हैं, जो इस लबी से पंगा नहीं लेना चाहते और शांति से सेवानिवृत होना चाहते हैं। उन्होंने उन आलोचनाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि राज्यसभा में उनका मनोनयन अयोध्या और राफेल सौदे से संबंधित फैसले का पुरस्कार है। उन्होंने कहा कि उन्हें लॉबी की बात नहीं मानने के कारण बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश अपनी अंतरात्मा के हिसाब से मामले का फैसला नहीं लेता है तो वह अपने शपथ को लेकर ईमानदार नहीं है। अगर कोई न्यायाधीश ५–६ लोगों के डर से कोई फैसला



ले तो वह अपने शपथ के प्रति सच्चा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी अंतरात्मा के अनुसार फैसले सुनाये। अगर ऐसा नहीं करते तो एक न्यायाधीश के तौर पर ईमानदार नहीं रह पाते। न्यायमूर्ति गोगोई ने अंग्रेजी अखबार 'टाइम्स ऑफ इंडिया' को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि अगर अयोध्या फैसले की की जाये तो यह सर्वसम्मत था। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मत फैसला सुनाया था। इसी तरह राफेल भी तीन न्यायाधीशों की पीठ का सर्वसम्मत फैसला था। इन फैसलों पर सवाल उठाकर क्या वे इन दोनों फैसले से जुड़े सभी न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने २०१८ में हुए संवाददाता सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा, जब मैंने जनवरी २०१८ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो मैं लबी का प्रिय था लेकिन वे चाहते थे कि न्यायाधीश मामलों का फैसला उनके हिसाब से करें और उसके बाद ही वे उन्हें 'स्वतंत्र न्यायाधीश' का प्रमाण पत्र देंगे। मैंने वही किया जो मुझे सही लगा, अगर ऐसा नहीं करता तो मैं न्यायाधीश के तौर पर खुद के प्रति सच्चा नहीं रह पाता। उन्होंने कहा, दूसरों की राय से (पत्नी को छोड़कर) ना कभी डरा था, ना डरता हूं और ना ही डरूंगा। मेरे बारे में दूसरों की राय क्या है, यह मेरी नहीं बल्कि उनकी समस्या है और इसे उन्हें ही हल करना है। क्या मैं आलोचना से डरता हूं? अगर हां तो क्या मैं एक न्यायाधीश के तौर पर काम कर सकता था?

# शांति भंग की आशंका में १५ व्यक्ति गिरफ्तार

मो० अरशद

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा आज दिनांक २०.०३.२० को देखभाल क्षेत्र के दौरान, थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा रणधीर यादव व राजबहादुर यादव पुत्रगण् रामशरण निवासीगण पचिशता मोलनापुर थाना चिरैयाकोट, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मो० कमाल निवासी बेलौंझा, अकबर निवासी मुबारकपुर, सोन प्रकाश निवासी रतनपुरा, सुनील, बसंतराम एवं मनोज निवासीगण नेरुआडीह थाना हलधरपुर, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा मो० मुश्तकीम व मो० हासिम निवासीगण अदरी थाना कोपागंज, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा जितेन्द्र, राजेश चौबे, तेजबहादुर चौबे व रजनीश चौबे निवासीगण बरवां थाना रानीपुर व थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा सोनू पुत्र स्व० पूजन निवासी बहरीपुर थाना सरायलखंसी मऊ को शांति भंग की आशंका में ६ ाारा १५१ सीआरपीसी के अर्न्तगत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# हाथियों ने गेंहू की फसलों को रौंदा मकान को किया क्षतिग्रस्त

कृष्ण कुमार शुक्ला

लखीमपुर–खीरी। कतर्नियाघाट में हाथियों का कहर अभी जारी है। हाथियों ने जंगल से सटे आबादी वाले गांव वासियों की नींद हराम कर रखी है। हाथियों ने एक बार फिर किसानों की फसलों को बर्बाद किया है। हाथियों के हमले व उत्पात वाले इन पीड़ित गाँव वासियों का कहना है कि वन विभाग की तरफ से इन्हें अब तक कोई सहायता नही मिली है जबकि हाथियों का हमला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीकोट के मजरा टेडिहा लोहरा गांव जंगल से सटा हुआ है । बुधवार की शाम करीब पांच बजे हाथियों का एक झुंड गांव में घुस गया और गेंहू की खड़ी फसलों को रौंदने लगा । हाथियों की आहट व चिंघाड़ सुनते ही गांव के लोग दौड़ पड़े और हाका लगाकर हाथियों को भगाने के प्रयास में जुट गए। हाथियों को भगाने में किसान असफल रहे बल्कि हाका लगाने पर हाथियों का झुंड किसानों को दौड़ा लिया और खेत में बने नंदू पुत्र रामबली के घर को तहस नहस कर दिया साथ ही एक एकड़ गेंहू की फसल को भी रौंद डाला । क्षतिग्रस्त हुए घर में करीब १५ हजार की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके साथ ही हाथियों ने गांव निवासी दयाराम, निर्मल व अमेरिका की करीब दो एकड़ गेंहू की फसलों को बर्बाद किया है । गांव के लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पंहुची जरूर लेकिन ग्रामीणों को कोई सहायता या हाथियों से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नही कराया। गांव के लोग पूरी तरह सहमें हुए हैं और दहशत में भी हैं। किसानों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए हाथ उठाकर प्रदर्शन किया। गांव निवासी रामफल का कहना है कि वन दरोगा अनिल कुमार गांव तक पंहुचे और गांव से ही वापस लौट गए । गांव वासियों द्वारा वन क्षेत्राधिकारी पियूष मोहन श्रीवास्तव व प्रभागीय वनाधकारी जीपी सिंह को मामले से अवगत कराया गया है।

# एक दुराचारी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मो० अरशद

मऊ। थाना मधुबन पुलिस द्वारा आज दिनांक २०.०३.२० को देखभाल क्षेत्र के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर कटघरा शंकर के पास से मु०अ०सं० १८०/२० धारा ३७६ भादवि, ७/८/१८ पोस्को एक्ट एवं ३(१)१२ एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त रामबाबू पुत्र स्वामीनाथ निवासी शाहपुर थाना उभांव जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# देश हित में जनता कर्फ्यू जरूरी, व्यापारी करें सहयोग-नागर लाल गुप्ता

कृष्ण कुमार शुक्ला

पलिया कलां खीरी। देश में कोरोना वायरस को लेकर स्वास्थ आपातकाल लागू हैं ऐसी स्थिति में हम व्यापारी भाई को भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभानी है। यह कहना है वरिष्ठ व्यापारी नेता नागर लाल गुप्ता का । नागर लाल गुप्ता ने मीडिया को लिखेंगे पत्र में कहा है कि भारत नेपाल सीमा पर व्यापार कर रहे व्यापारी इस मुहिम का खास हिस्सा है। वह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बताए गए जनता कर्फु का ध्यान रखें और एक दिन बार्डर की बाजार चाहे चंदन चौकी हो या बनगवां, बसही, सूडा, तिकुनिया आदि बंद रख सहयोग किया जाय। उन्होंने सभी भारत नेपाल बार्डर के व्यापारियों से देश हित व जनहित में २२,३,२०२०दिन रविवार को अपने अपने व्यापार को बंद रखकर जनता कर्फ्यू को सहयोग प्रदान करें । यह हमारे स्वास्थ्य और देश हित की बात है।

# प्रतिबंधित मछलियों का कारोबार चरम पर

कृष्ण कुमार शुक्ला

लखीमपुर खीरी। भारतीय राजनीति में किसी नेता ने कहा था पैसा खुदा तो नहीं लेकिन खुदा से कम भी नहीं मैगलगंज में प्रतिबंधित मछलियों के कारोबार पर यह डायलग बिल्कुल सटीक बैठता है कई बार खबरें चलने के बाद जिलाधिकारी महोदय को सूचना देने के बाद भी अवैध मछलियों का कारोबार मैगलगंज में बंद होता नहीं दिखाई पड़ रहा है आखिर बंद भी कैसे हो क्योंकि इस व्यवसाय से संबंधित एक मुल्लाजी का कहना है कुछ भी कर लो कुछ नहीं होने वाला ऊपर से नीचे तक सेटिंग है हमारी अभी कुछ दिनों पहले जिला अधिकारी महोदय को संज्ञान दिलाने के बाद मैगलगंज पुलिस ने अवैध मछली से लदी हुई गाड़ी मैगलगंज थाने में खड़ी कराई लेकिन ऐसी कौन सी मजबूरी हुई जो २ घंटे के बाद गाड़ी छोड़नी पड़ी यहां पर वह डायलग फिर याद आता है पैसा खुदा तो नहीं खुदा से कम भी नहीं। कोरोना पजिटिव मरीज मिलने के बाद भी प्रशासन प्रतिबंधि ात मछली कारोबार पर सख्ती नहीं कर रहा। विश्व की महामारी घोषित हो चुकी बीमारी पर जहां देश के प्रधानमंत्री लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वही मैगलगंज में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर जैसे ही आप मैगलगंज में प्रवेश करेंगे आपका स्वागत भयंकर बदबू से होगा बदबू इतनी भयंकर होती है कि कई लोगों को उल्टियां करते हुए भी देखा गया आपको बड़ी–बड़ी गाड़ियां खड़ी दिखाई पड़ेगी जिसमें प्रतिबंधित मछलियों का कारोबार खुलेआम हो रहा है कल कोरोना वायरस का मरीज मिलने के बाद भी इस प्रतिबंधित मछली कारोबारी पर कोई असर पड़ता दिखाई नहीं पड़ रहा है पैसों के लालच में गूंगा बहरा और अंधा हो चुका प्रशासन आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ करता नजर आ रहा है आसपास के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है कोरोना पजिटिव मरीज मिलने के बाद लोगों में वैसे भी दहशत का माहौल है ऊपर से इस आताताई तथाकथित अवैध मछली कारोबारी ने लोगों की मुसीबतों को पुरजोर बढ़ाने का काम किया है जल्द ही स्थितियों को सामान्य नहीं किया गया तो लोगों का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिल सकता है आखिर लाइसेंस मिलने के बाद क्या प्रतिबंधित मछली बेचने के लिए खुली छूट दी जा सकती है या फिर आबादी वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में कारोबार किया जा सकता है यह एक बड़ा सवाल है।

# यूपी के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप भी कराएंगे स्कैनिंग

लखनऊ। देश में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रध् ाानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २२ मार्च को जनता कर्फ्यू की अपील की है। देश तथा प्रदेश में जगह–जगह लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर के लापरवाह रवैए ने सैकड़ों लोगों को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान के मुताबिक, करीब ४०० लोगों से उन्होंने मुलाकात की थी। इस दौरान जो भी लोग इस पार्टी में शामिल हुए थे या उनके सम्पर्क में आए थे सभी से अपील की जा रही है कि वे खुद स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर जांच करवाएं। महानगर में कनिका कपूर जिस अपार्टमेंट में रहती हैं वहां भी अघोषित कर्फ्यू है। बॉलीवुड की विख्यात प्लेबैक सिंगर कनिका कपूर कोरोना पजिटिव पाई गई हैं। लंदन से नौ मार्च को मुम्बई आने के बाद १५ मार्च को लखनऊ पहुंची। संक्रमण के बाद भी लखनऊ में कई पार्टी में शामिल होने वाली कनिका कपूर का मामला सामने आने पर लखनऊ व कानपुर में खलबली मच गई है। लखनऊ की एक पार्टी में उनके साथ शामिल उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह के साथ भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह तथा राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी थे। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री लंबे समय से कोरोना वायरस को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे थे, अब वह भी अपनी स्कैनिंग कराएंगे। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह कोरोना वायरस पॉजिटिव बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर की पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद वह १७ मार्च को कैबिनेट मीटिंग में आए थे। इस दौरान वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भी कई कार्यक्रमों में भी शामिल हुए थे। कनिका के साथ पार्टी में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह के साथ उनकी पत्नी भी थीं। कनिका कपूर की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया के वह भी कनिका कपूर की पार्टी में शामिल हुए थे। अब वह भी अपना टेस्ट कराएंगे। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने गौतम बुद्ध नगर में आकर सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों को लेकर प्रेस कन्फ्रेंस की थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले के आला अधिकारी राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह विधायक, तेजपाल नागर विधायक, ठाकुर धीरेंद्र सिंह आदि लोग थे। जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो गौतम बुद्ध नगर के जिला प्रशासन पर भी कोरोना को लेकर अलर्ट जारी होगा। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि वह लखनऊ में उस पार्टी में गए थे। जिसमें बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर मौजूद थी और उन्होंने उससे मुलाकात भी की थी। उनके साथ उनका परिवार भी मौजूद था। ऐसे में अब उन्होंने खुद को और अपने पूरे परिवार को आइसोलेशन में रखने का फैसला किया है। कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण होली पर जहां प्रदेश में सभी प्रकार की पार्टी पर रोक लगाई गई थी, वहीं लोकायुक्त संजय मिश्रा ने अपने सरकारी आवास पर फूलों की होली का आयोजन किया था। इसमें कनिका कपूर भी शामिल थीं। वह फूलों वाली होली में अपने पिता के साथ आई थीं। लोकायुक्त की इस होली की पार्टी में प्रदेश के दो दर्जनों से अधिक नामचीन लोग थे लोकायुक्त संजय मिश्रा के घर हाउस पार्टी थी। इस पार्टी में ओल्ड सिंधिया ब्वॅयज एसोसिएशन के बैनर तले कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई थीं। सिंगर कनिका कपूर लखनऊ में एक हाईप्रोफाइल पार्टी में शामिल हुई थीं। पार्टी में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह समेत कई पार्टियों के दिग्गज नेता शामिल हुए थे। यह पार्टी कांग्रेस के पूर्व सांसद जितिन प्रसाद के ससुर आदेश सेठ ने दी थी जिसमें राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उनके बेटे भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह, उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह और उनकी पत्नी समेत कई हाईप्रोफाइल लोग इस पार्टी में मौजूद थे। इसके बाद शालीमार ग्रैंड अपार्टमेंट में हुई एक पार्टी में कनिका शामिल हुईं। इस दौरान उनके संपर्क में कई लोग आए थे। दूसरी पार्टी पूर्व बीएसपी सांसद अकबर अहमद डंपी ने दी थी। इस पार्टी में भी कनिका कपूर शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने गाना गाया साथ ही लोगों के साथ सेल्फी भी ली थी। लखनऊ में पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी के घर में आयोजित पार्टी में कनिका कपूर के साथ उत्तर प्रदेश के मंत्री जय प्रताप सिंह जैकी के साथ पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, सांसद दुष्यंत सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तर प्रदेश के दर्जनों नौकरशाह थे।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

मोहम्मदी–खीरी। अपराध एवं अपराधियो की धर पकड़ में कोतवाली पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान आज प्रातः आवला जंगल से पहले कठिना नदी पुल के पास तीन लोगो को चोरी की दो मोटर साइकिलो सहित घेराबन्दी कर धर दबोचा। पकड़े गए दोनों बाइकचोर अमीर नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हरीनगर के रहने वाले है। कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी ने प्रेस से रूबरू होते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिये जहां क्षेत्र में मुखबिरो का जाल बिछाया गया है वही कोतवाली पुलिस की कई टीमे रात–दिन वांछित अभियुक्तों एवं अपराधियो की धर पकड़ में लगी है। बीती रात सूचना मिली कि कुछ बदमाश काले रंग की चोरी की की मोटर साइकिलो को बेचने की मंशा से लखीमपुर जाने के लिये एक दम प्रातः अंधेरे में जायेगे। इस सूचना पर स्वयं कोतवाल संजय त्यागी के नेतृत्व वाली टीम जिसमें उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव, कानेस्टेबल दीपक सिंह, जैनेन्द्र शर्मा, आनन्द लाल साहू एवं हरीश कुमार ने कठिना नदी से पहले ही घेराबन्दी कर डट गये। लम्बी प्रतीक्षा के बाद प्रातः ०४:४५ बजे अमीर नगर की ओर से दो मोटर साइकिलो को आते देखकर पुलिस पार्टी ने सड़क को घेर लिया। अचानक रोड पर पुलिस को देखकर बाइक चालको ने भागने का प्रयास किया। लेकिन कसे शिकन्जे ने उनके मंसूबो को फेल कर दिया और उन्हे दबोच लिया गया। मौके एवं कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में पकड़े गये बदमाशो ने अपने नाम नीरज कुमार पुत्र रामभरोसे, छोटेलाल पुत्र रामऔतार, विष्णु पुत्र जसकरन निवासीगण ग्राम हरीनगर चौकी अमीरनगर मोहम्मदी बताया। इन बदमाशो के कब्जे से चोरी की दो बाइक संख्या यूपी–३१एन–७७३७ स्पलेन्डर प्लस तथा दूसरी स्पलेन्डर बाइक संख्या यूपी–३१एए–०५१६ बरामद हुई। दोनो बाइके अलग–अलग स्थानो से चोरी की गयी थी। जिन्हे बेचने के लिये ये लखीमपुर लेकर जा रहे थे कि पकडे गये। लखीमपुर–खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व शातिर वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान गत दिवस थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा ग्राम मेडईपुरवा मजरा पयाग से तीन शातिर अभियुक्त सरवन पुत्र जयपाल गौतम निद्न ग्राम मेडईपुरवा माजरा पयाग थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी,संदीप पुत्र कंधई लाल गौतम निद्न ग्राम मेडईपुरवा माजरा पयाग थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी,श्रीराम पुत्र रामरतन गौतम निद्न ग्राम मेडईपुरवा माजरा पयाग थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है।जिनके कब्जे से चोरी की ०५ मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# जनता कर्फ्यू 22 मार्च को सुबह 7 से 9 बजे तक

नई दिल्ली। कोरोना वायरस पर पीएम मोदी देश को कर रहे संबोधित रविवार को लगेगा जनता का कर्फ्यू, सरकार के आदेश का पालन करेंगे, खुद संक्रमित न होंगे



न दुसरो को होने देंगे, भीड़ से बचिए जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले।, सरकारी सेवाये, मीडिया कर्मी,चिकत्सक सभी अपने दायित्व के लिए कार्य का निर्वाहन करते रहगे जनता कर्फ्यू २२ मार्च को सुबह ७ से ६ बजे तक कोई भी बाहर न निकले आवश्यक सेवाओ में काम करने वाले ही निकले पूरा विश्व इस समय संकट के बहुत बड़े गंभीर दौर से गुजर रहा है। आम तौर पर कभी जब कोई प्राकृतिक संकट आता है तो वो कुछ देशों या राज्यों तक ही सीमित रहता है। लेकिन इस बार ये संकट ऐसा है, जिसने विश्व भर में पूरी मानवजाति को संकट में डाल दिया हैरू च्ड इन दो महीनों में भारत के १३० करोड़ नागरिकों ने कोरोना वैश्विक महामारी का डटकर मुकाबला किया है, आवश्यक सावधानियां बरती हैं। लेकिन, बीते कुछ दिनों से ऐसा भी लग रहा है जैसे हम संकट से बचे हुए हैं, सब कुछ ठीक है। वैश्विक महामारी कोरोना से निश्चिंत हो जाने की ये सोच सही नहीं है।

## कोरोना से बचाव के लिए रेलवे स्टेशनों का कराया जा रहा सेनेटाइस स्टेशनों पर जागरूकता के लिए लगाए गए पोस्टर

लखनऊ। कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल भी गंभीर है। पूरे मंडल के सभी स्टेशनों को रासायनिक तरीके से दिन में कई–कई बार सेनेटाइस करा रहा है। डिब्बों की सफाई के साथ–साथ लगातार संपर्क क्षेत्र जैसे रेलिंग, आर्मरेस्ट, नल, कुंडी, सीटें आदि का भी लगातार सेनेटाइजेशन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने बताया कि सभी ओरिजनेटिंग ट्रेनों के शौचालय और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्टीम क्लीनिंग एवं स्टेशनों के लिए गहन सफाई के तहत बेंच, एस्केलेटर, लिफ्ट, हैंड रेल, वेटिंग हॉल, फ्लोर आदि की लगातार सफाई कराई जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए स्टेशनों पर पोस्टर लगाए गए हैं। यात्रियों के बीच कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने संबंधी जागरूकता पैदा करने के लिए अडियो क्लिप भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ मंडल अपने परिसर में आने वाले यात्रियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा देने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

# मुख्यालय पर युवक की गोली मारकर हत्या

**बनवारी लाल कुशवाहा**

फिरोजाबाद। जिला मुख्यालय पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती के बाद भी बाइक सवारों ने दिनदहाड़े सीएमओ कार्यालय के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना मटसेना क्षेत्र के जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय के पास गुरूवार की सांय दिनदहाड़े बाइक सवारों ने एक युवक को गोली मार दी। जिससे हड़कम्प मच गया। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गये। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गयी और घटना स्थल का निरीक्षण कर तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आयी है। मृतक का नाम हरीश चन्द्र निवासी टापा खुर्द उत्तर बताया गया है। बताया जाता है कि मृतक टाईपिस्ट था। वह न्यायालय के गेट संख्या तीन पर टाईपिंग करता था। पुलिस मामले की जांच के साथ ही हत्यारोपियों की तलाश में जुट गयी है। इस सम्बंध में एसएसपी सचिन्द्र पटेल ने बताया कि एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। जिसका नाम हरीश है। इस युवक व उसके परिजनों पर हाल ही में एक हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें यह लोग जेल गये थे और जमानत पर छूटकर आये है। परिजनों ने जो जानकारी दी है उसी आधार पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीमें इस पर काम कर रही है।

# एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक २०.०३.२० को देखभाल क्षेत्र के दौरान मु०अ०सं० ८५/२० धारा ३६६, ३२३ भादवि में वांछित अभियुक्त इस्लाम नट पुत्र पवारु नट निवासी समनपुर थाना हलधरपुर मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिला जज, डीएम, एसएसपी ने किया कोर्ट परिसर का निरीक्षण

## निगम टीम ने न्यायालय परिसर में चलाया सफाई अभियान

**बनवारी लाल कुशवाहा**

फिरोजाबाद। कौरोना वायरस से बचाव के लिये नगर निगम टीम द्वारा गुरूवार को न्यायालय परिसर में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के साथ ही सोड़ियम हाइपोक्लोराइट के सौल्यूशन से मैपिंग कराई गई। नगर निगम की एक टीम गुरूवार को जनपद न्यायालय पहुंची। टीम ने न्यायालय परिसर में कुर्सी मेज, न्यायालय परिसर के फर्नीचर आदि पर सोड़ियम हाइपोक्लोराइट के सौल्यूशन से मैपिंग की। इसके साथ ही लेबर कोर्ट में भी नगर निगम की टीम ने मैपिंग की। थाना लाइनपार में भी मैपिंग की गई। लेबर कालोनी स्थित विधुत कार्यालय में भी टीम ने सोड़ियम हाइपोक्लोराइट के सौल्यूशन से मैपिंग की। इस दौरान जोनल सैनेटरी आफिसर दलवीर सिंह, अरविन्द भारती, दिनेशपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व जिला जज संजीव फौजदार, डीएम चन्द्र विजय सिंह, एसएसपी सचिन्द्र पटेल, सीएमओ डॉ एस के दीक्षित आदि ने भी अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया।

# मुन्ना बजरंगी हत्याकांड में सीबीआई की टीम ने शुरू की तफ्तीश

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। मुन्ना बजरंगी हत्याकांड में सीबीआई की टीम ने शुरू की तफ्तीश। सीबीआई की टीम ने झांसी जेल में डाला डेरा।जुलाई २०१८ में मुन्ना बजरंगी की बागपत में हत्या से पहले झांसी जेल में था बंद। झांसी से बागपत भेजे जाने के दस्तावेजों को खंगाल रही है सीबीआई। सीबीआई ने जेल जीडी को भी किया हासिल। मुन्ना बजरंगी को बागपत भेजे जाने के आदेश पर सीबीआई खंगाल रही सुबूत। सीबीआई की टीम कल भी करेगी जेल के अफसरों से पूछताछ। तत्कालीन जेलर और डिप्टी जेलर के साथ बंदी रक्षकों से भी कर सकती है पूछताछ।।

# पालिका सफाई कर्मियों को कोरोना का डर नगर पालिका में २६८ से ज्यादा हैं सफाई कर्मचारी

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबादः देश में जैसे–जैसे कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं वैसे–वैसे लोगों में डर और चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं. यही वजह है नगर पालिका मे सफाई कमफचारियो को कोरोना से बचने के मास्क सैनिटाइजर और ग्लव्स नही दिये गये है। नगर पालिका मे २६८ से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं. ऐसे में उन्हें इंफेक्शन का सबसे ज्यादा खतरा है. सफाई कर्मचारी लोगों के घर–घर से कूड़ा उठाता है, लेकिन नगर पालिका ने किसी भी तरह की सहूलियत नहीं दी है. उन्होंने कहा, ना हमें मास्क दिए गए हैं और ना ही हैंड ग्लव्स दिए गए हैं, जबकि सफाई कर्मचारियों को खुले हाथों से ही कूड़ा उठाना पड़ता है।ऐसे में उन्हें इन्फेक्शन का सबसे ज्यादा खतरा है. नगर पालिका मे पच्चीस वार्ड बने है। जिसमें संविदा व स्थाई , ठेके पर तैनात कर्मचारी हैं। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा भी उन्हें कारोना से बचने के लिये मास्क और सेंटिलाइजर कोई सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जो कर्मी सफाई करते हैं वह भी बगैर मास्क व दस्ताना के। ऐसे में उनमें संक्रमण का खतरा बना रहता है। दरअसल, नगर को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई कर्मियों की तैनाती की जाती है। सड़क व नालियों की साफ–सफाई की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। कूड़ा करकट उठाना भी इन्हीं के हिस्से में है। नगर स्वच्छ दिखे और लोग बीमार न हो इसकी चिंता नगर प्रशासन को सताती रहती है। ऐसे हालात में भी सुरक्षा के नाम पर सफाई कर्मियों के पास दस्ताने और मास्क उपलब्ध नहीं हैं। वार्डों की गलियों में फैली गंदगी को बिना दस्ताना और बिना मास्क लगाए कूड़ा उठाया जा रहा है। इस सम्बंध मे नगर पालिका ईओ अवधेश कुमार ने बताया की सफाई कर्मचारियो की सख्या ज्यादा है और इतने मास्क पालिका मे नही है। आज हमारा एक कर्मचारी फिरोजाबाद मास्क लेने के लिये गये हुए है जेसे ही मास्क आते है सभी को एक दो दिन मे मास्क दे दिये जायगें।

# कनिका कपूर के खिलाफ लखनऊ के डीएम ने एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश

राकेश पाण्डेय निश्छल

लखनऊ। सैकड़ों लोगों को संकट में डालने वाली कोरोना वायरस से पीड़ित बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर के खिलाफ लखनऊ के डीएम अभिषेक प्रकाश ने एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर की घोर लापरवाही के कारण लखनऊ में बड़ी आबादी संकट में है। विदेश से वापसी के बाद वह सरकार की एडवाइजरी दरकिनार कर बेरोकटोक पार्टियां करती रहीं। उनके जश्न में अफसरों से लेकर राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत बड़े नेताओं का जमावड़ा हुआ। इस मामले में प्रमुख सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने कनिका कपूर की सभी पार्टियों की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने डीएम अभिषेक प्रकाश से २४ घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार सुबह बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर की किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में जांच के बाद वायरस की पुष्टि होने पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक खलबली मच गई। संपर्क में आए कई मंत्री, अफसर खुद ही घरों में क्वांरटाइन हो गए। हालात में ३१ मार्च तक लकडाउन जैसी स्थिति घोषित कर दी गई है।



दरअसल, कनिका कपूर लंदन गई थीं। वह ११ मार्च को लखनऊ लौटी थीं। विदेश से आने के बावजूद सरकार की तय एडवाइजरी को दरकिनार कर दिया। वह करीब १० दिन तक होम क्वारंटाइन का पालन के बजाए वह शहर में पार्टियां करती रहीं। इसमें कई राज्यों के सांसद, विधायक, मंत्री, अफसर समेत समेत हाई प्रोफाइल लोग जुटे। यही नहीं लखनऊ, कानपुर समेत दूसरे शहरों में भी भ्रमण किया। ऐसे में बड़ी आबादी में संक्रमण फैलने की आशंका है। केजीएमयू में शुक्रवार को कनिका में कोरोना कोविड–१६ वायरस की पुष्टि हुई। सुबह जांच में पुष्टि होते ही लखनऊ समेत दिल्ली तक हड़कंप मच गया। कारण, पार्टी में शामिल हुए कई जनप्रतिनिधि सदन में भी भाग लेने पहुंचे थे। कनिका कपूर को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके माता–पिता को घर में ही क्वारंटाइन किया गया है। कनिका को पिछले चार दिन से बुखार–जुकाम था। बुधवार हो उन्होंने सीएमओ समेत अन्य अधिकारियों को फोन पर तबियत बिगड़ने की सूचना दी। गुरुवार शाम को उनके डंडईया स्थित फ्लैट में हेल्थ टीम पहुंची। यहां उनका सैंपल कलेक्शन कर केजीएमयू जांच के लिए भेजा गया। सुबह नौ बजे संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने सिंगर में वायरस की पुष्टि की।

# बंद किया गया लखनऊ का होटल ताज

राकेश पाण्डेय ''निश्छल''

लखनऊ। देश में कोरोना का कहर जारी है। आज कोरोना संक्रमित पांचवें मरीज की मौत जयपुर में



हो गई है। वहीं राजधानी लखनऊ में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मरीजों के देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने शुक्रवार को कई आदेश जारी किए हैं। जिसमें राजधानी के बार, ब्यूटी पार्लर और हेयर सैलून के साथ लखनऊ के कई इलाकों में लॉक डाउन का आदेश जारी किया गया है। साथ ही ताज होटल को बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए है। जिसमें कहा गया है कि अगले आदेश तक ताज होटल बंद रहेंगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा १८८ के तहत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कोरोना सक्रंमित सिंगर कनिका कपूर ताज होटल में एक पार्टी में शामिल हुई थी। इस दौरान कनिका से संपर्क में कई लोग व वहां का स्टाफ भी आया था। कनिका अब पीजीआई के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है। इसके अलावा कनिका से मिलने वहां कई लोग पहुंचे थे। यह जानकारी होटल ताज प्रशासन ने पुलिस कमिश्नर सुजीत पाण्डेय को दी। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा वहां के सीसी फुटेज चेक किए जा रहे है कि इस दौरान कनिका से कौन–कौन मिला

# रामगोपाल वर्मा ने कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं : ईशा कोप्पिकर

मुंबई। अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर आगामी वेब सीरीज में फिल्मकार रामगोपाल वर्मा संग दोबारा काम करने जा रही हैं। यह परियोजना फिलहाल शीर्षकहीन है। ईशा का मानना है कि बहरहाल फिल्मकार अभी अपने करियर के एक बुरे दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन कभी उनके द्वारा बनाई गई बेहतरीन (कल्ट) फिल्मों के लिए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को कम आंका नहीं जा सकता। राम गोपाल वर्मा के साथ अपनी हालिया परियोजना के बारे में बात करते हुए ईशा ने बताया, "मैंने वेब शो के एक बड़े हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। राम गोपाल वर्मा इसके निर्माता और प्रस्तुतकर्ता हैं। इसे चार निर्देशकों द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। सारे एपिसोड की शूटिंग खत्म करने के बाद ये अपना काम राम गोपाल को सौंप देंगे। वह पोस्ट–प्रोड्क्शन



का काम संभालेंगे और उम्मीद करती हूं कि यह शानदार होगा।" फिल्मकार के बारे में बात करते हुए ईशा ने आगे कहा, "राम गोपाल वर्मा जीनियस हैं। उनकी बनाई गई फिल्मों पर गौर करें, ये सारी भारतीय सिनेमा की बेहतरीन फिल्में हैं। हिंदी में मैंने जो पहली हरर फिल्म देखी और जो मुझे पसंद आई थी वह 'रात' है। इसके बाद और भी कई सारी फिल्में हैं जैसे कि 'भूत', 'रंगीला', 'सत्या'–हॉरर, रोमांटिक–म्यूजिकल, गैंगस्टर– एक्शन कई सारी शैली की फिल्में हैं और उन्होंने इन शैलियों में बेहतरीन फिल्में बनाई है।" उन्होंने आगे यह भी कहा, "हम सभी अपनी जिंदगी में एक बुरे दौर से गुजरते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह इंसान खत्म हो गया है। उम्मीद करती हूं कि आगामी वेब सीरीज के साथ राम गोपाल एक बार फिर से खुद को साबित कर पाएंगे।"

# श्रद्धा को मिला था सलमान के साथ काम करने का प्रस्ताव

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का कहना है कि १६ साल की उम्र में उन्हें सलमान खान के साथ काम करने का प्रस्ताव मिला था लेकिन उन्हें इसे रिजेक्ट कर दिया था। श्रद्धा जब महज १६ साल की थीं तब उन्हें एक फिल्म्म अफर हुई थी जिसके हीरो सलमान खान थे लेकिन तब अपनी कम उम्र के चलते श्रद्धा ने अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने का फैसला किया हालांकि वह शुरू से ही



अभिनेत्री बनना चाहती थीं लेकिन तब अपनी पढ़ाई के चलते उन्होंने इस मौके को जाने दिया। श्रद्धा ने कहा, "हालांकि १५ या १६ साल की उम्र में मैं बहुत छोटी थी और अपना स्कूल खत्म्म कर कलेज जाना चाहती थी। हालांकि मैं नहीं मानती कि उस उम्र में अफर मिलना मेरी सफलता दर्शाता है लेकिन उस समय ये अफर ठुकरा कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना मेरे लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि यह मौका मुझे सलमान खान के साथ मिल रहा था।

# 'करण–अर्जुन' फिल्म खास है : सलमान खान

मुंबई। साल १६६५ में आई फिल्म 'करण–अर्जुन' में अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान ने पर्दा साझा किया था। राकेश रोशन निर्देशित यह फिल्म अपने 'मेरे करण–अर्जुन आएंगे' जैसे डायलग और गानों जैसे कई कारणों से हिट हुई थी। फिल्म के २५ सालों की यात्रा पर चर्चा करते हुए सलमान ने कहा 'करण–अर्जुन' खास फिल्म है।



इसमें पहली बार मैं और शाहरुख पर्दे पर साथ नजर आए थे। इस फिल्म से मेरी कई यादें जुड़ी हुई हैं। 'करण–अर्जुन' पूरी तरह से एंटरटेनमेंट पैकेज है और उसके रिलीज के पांच साल बाद भी प्रशंसक अपने परिवार के साथ बैठ कर इसका आनंद ले सकते हैं। फिल्म में राखी गुलजार, काजोल और ममता कुलकर्णी भी प्रमुख भूमिकाओं में थीं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक